>

Title: The Minister of State of the Ministry of Development of North Eastern Region and Minister of State in the Ministry of Parliamentary Affairs made a statement regarding Government Business for the week commencing the 11 March, 2013 and submission made by Members.

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF DEVELOPMENT OF NORTH EASTERN REGION AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI PABAN SINGH GHATOWAR): Madam, with your permission, I rise to announce that Government Business during the week commencing Monday, the 11th of March, 2013, will consist of:-

1. Consideration of any item of Government Business carried over from today's Order Paper
2. General Discussion on the Budget (General) for 2013-14.
3. Discussion and Voting on:-

   (a) Demands for Grants on Account (General) for 2013-14.

   (b) Supplementary Demands for Grants (General) for 2012-2013, and

   (c) Demands for Excess Grants (General) for 2010-11
4. Introduction, consideration and passing of the related Appropriation Bills.
5. General Discussion on Jharkhand Budget, 2013-14.
6. Discussion and Voting on:-

   (a) Demands for Grants (Jharkhand) for 2013-14, and

   (b) Supplementary Demands for Grants (Jharkhand) for 2012-13.
7. Introduction, consideration and passing of the related Appropriation Bills.

**श्री हुक्मदेव नारायण यादव (मधुबनी):** अध्यक्ष महोदया, अगले सप्ताह की कार्यसूची में इन विषयों को जोड़ा जाए-

1. अन्य पिछड़ा वर्ग राष्ट्रीय आयोग को अन्य आयोग के जैसा संवैधानिक दर्जा दिया जाए। अन्य पिछड़ा वर्ग के कल्याण समिति के प्रथम प्रतिवेदन पर चर्चा की जाए, जिसमें इस संबंध में सिफारिश की गई है। इस पर चर्चा हो।
2. नयायधीशों की नियुक्ति के लिए संघ न्यायिक सेवा आयोग बनाया जाए, जिसमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़े वर्गों को आरक्षण दिया जाए। इस पर चर्चा हो।

**श्रीमती जयश्रीबेन पटेल (महेसाणा):** अध्यक्ष महोदया, अगले सप्ताह की कार्यसूची में इन विषयों को जोड़ा जाए-

1. देश में प्राथमिक शालाओं में मिड-डे-मील का प्रोग्राम चलाया जाता है। इसके तहत गुजरात में 30,373 मिड-डे-मील केन्द्र चल रहे हैं। केन्द्रों में किचन, किचन-कम-स्टोर रूम भी है तथा 25,650 केन्द्रों को एलपीजी गेस कनेक्शन दिए गए हैं। एलपीजी गैस सिलिंडर रिफिलिंग खर्च में कीमतें बढ़ाने से रसोई खर्च में बढ़ावा हुआ है।

**अध्यक्ष महोदया :** सिर्फ विषय पर बोलिए।

**श्रीमती जयश्रीबेन पटेल :** मैं आपसे विनती करती हूं कि एलपीजी गैस में जब-जब बढ़ावा हो, उसे ध्यान में रखकर समान बढ़ावा किया जाए, तथा

2. भारत सरकार द्वारा देश में घोषित की गई 14 सेटिंग-अप ऑफ इनोवेटिव नई यूनिवर्सिटी के निर्माण में गुजरात का भी समावेश था। इसके तहत गुजरात के एच.आर.डी. मंत्रालय ने भारत सरकार के ए..आर.डी. मंत्रालय को 28.02.2011 द्वारा प्रस्तुत यूनिवर्सिटी के निर्माण के बारे में कोई जरूरत है।

**अध्यक्ष महोदया :** सिर्फ विषय पर बोलिए।

**श्रीमती जयश्रीबेन पटेल :** तो उसकी पूर्णता के लिए विनती की थी, लेकिन आज तक भारत सरकार द्वारा इसमें कोई जवाब नहीं दिया गया है।

**श्री हंसराज गं. अहीर (चन्द्रपुर):** अध्यक्ष महोदया, आगामी सप्ताह की कार्यसूची में निम्नलिखित विषयों को सम्मिलित किया जाए -

1. देश के महालेखाकार व नियंत्रक (कैग) द्वारा कोयला क्षेत्र में एक लाख 86 हजार करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार एवं अवैध आवंटन के मामले की सरकार जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करे।

2. देश में महिला सुरक्षा से जुड़े मामले में असफलता से उत्पन्न जनाक्रोश को देखते हुए महिला अत्याचार से संबंधित कानूनों में कालोचित बदलाव तथा बलात्कार में फांसी के दंडादेश का संशोधन करने के लिए सरकार कदम उठाए।

**श्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर):** अध्यक्ष महोदया, आगामी सप्ताह की कार्यसूची में निम्नलिखित विषयों को सम्मिलित किया जाए -

1. प्राइवेट सेक्टर, विशेषकर शिक्षा एवं चिकित्सा के क्षेत्र में बढ़ रहा भ्रष्टाचार।

2. राजमार्गों पर बढ़ रही सड़क दुर्घटनाएं एवं उनकी रोकथाम।

**डॉ. भोला सिंह (नवादा):** माननीय सभाध्यक्ष महोदया जी, अभी सदन में माननीय संसदीय कार्य मंत्री ने आगामी सप्ताह की कार्यसूची के बारे में विचार-विमर्श प्रस्ताव रखा है, मैं उसमें दो प्रस्तावों को जोड़ने का आग्रह करता हूं -

1. बिहार राज्य के नवादा जिले में बकसौती बैराज परियोजना जो 650 करोड़ रुपये की है, बिहार सरकार द्वारा केंद्र सरकार के जल संसाधन मंत्रालय को प्रस्तावित है, को शीघ्रातिशीघ्र मंजूरी देने का प्रश्न।

2. बिहार आज अंधेरे में है, बिहार का नवादा पिछड़ा है और अंधेरे में छाती पीट रहा है। ...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदया :** केवल विषय बोलिए।

**डॉ. भोला सिंह :** बिहार के रजौली में आणविक विद्युत ताप केंद्र की स्थापना, जो वर्षों से लंबित पड़ी है, पर विचार।

SK. SAIDUL HAQUE (BARDHMAN-DURGAPUR): Madam, I want that the following items may be included in ext week's agenda:

a) Need to give stoppage of one Rajdhani Express at Burdwan Railway Junction because of the importance of the location. It connects not only bordering three districts but also is the centre of learning having one university, one medical college, one university institute of technology;

b) Need to convert the narrow gauge railway line to broad gauge line in between Balgona to Katwa in Eastern Railway, that is, the remaining portion of Burdwan-Katwa Line, in the district of Burdwan, West Bengal.

**श्री पन्ना लाल पुनिया (बाराबंकी):** अध्यक्ष महोदया, आगामी सप्ताह की कार्यसूची में निम्नलिखित महत्वपूर्ण विषयों को सम्मिलित किया जाए -

1. खोए हुए नेटवर्क उपकरणों की पुलिस में सूचना दर्ज कराना अनिवार्य करने के संबंध में।

2. पोस्टमार्टम पद्धति में आवश्यक सुधार करने के संबंध में।

**श्री शैलेन्द्र कुमार (कौशाम्बी):** अध्यक्ष महोदया, आगामी सप्ताह की कार्यसूची में निम्न विषयों को सम्मिलित किया जाए -

1. मनरेगा का धन ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत एवं जिला पंचायतों में बराबर जाना चाहिए।

2. अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सभी महिलाओं, बच्चियों को स्वाभिमान, सम्मान एवं सुरक्षा की गारन्टी होनी चाहिए।

**श्री वीरेन्द्र कुमार (टीकमगढ़):** अध्यक्ष महोदया, आगामी सप्ताह की कार्यसूची में निम्न विषयों का समावेश किया जाए -

1. केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना मध्य प्रदेश के टीकमगढ़, छतरपुर संसदीय क्षेत्र में की जाए।
2. संसदीय क्षेत्र टीकमगढ़ से होकर निकलने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों - झांसी, छतरपुर, सतना पर फोरलेन एक्सप्रेस हाइवे सड़क का निर्माण शीघ्र कराया जाए।

**श्रीमती ज्योति धुर्वे (बेतूल):** अध्यक्ष महोदया, आगामी सप्ताह की कार्यसूची में निम्न विषयों को सम्मिलित किया जाए -

1. मेरे संसदीय क्षेत्र में पिछले माह ओलावृष्टि होने के कारण बेतूल जिले एवं हरदा-हंडिया जिले के 70 प्रतिशत किसान प्रभावित हुए हैं। इन किसानों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा है। अतः मैं केंद्र सरकार से इन किसानों को सहायता प्रदान करने की मांग करती हूं।
2. मेरे संसदीय क्षेत्र बेतूल में बहुत सी छोटी-छोटी नगर पंचायतें आती हैं। उन नगर पंचायतों में आज भी शौचायलय की सुविधा की भारी कमी है। अतः इन नगर पंचायतों को समग्र स्वच्छता अभियान में शामिल कर इन नगर पंचायतों को स्वच्छता प्रदान करने की आवश्यकता है।

---

**अध्यक्ष महोदया:** आइटम नम्बर पांच, श्री शरद यादव। हमने पहले भी आपका नाम बुलाया था।